मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः18.01.2025

ऑनलाइन धोखाधड़ी से पीड़ित के खाते से निकाली गई सम्पूर्ण धनराशि ₹ 58,098/- को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस —

आवेदक सुभाष सिंह निवासी मुहल्ला बुन्देलखंडी थाना को0शहर मीरजापुर द्वारा दिनांकः16/01/2025 को साइबर क्राइम थाना मीरजापुर पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक को अनजान नंबर से कॉल कर के उसका रिश्तेदार बनकर साइबर ठगी करके उसके खाते से ₹ 58,098/- ट्रांसफर करवा लिए थे। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मीरजापुर-राम अधार यादव के नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना टीम उपनिरीक्षक अजय मिश्रा व आरक्षी रजत दीक्षित द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बैंक व अन्य आनलाइन पेमेन्ट प्लेटफार्म से सम्पर्क करते हुए आनलाइन धोखाधडी से निकाली गई सम्पूर्ण धनराशि ₹ 58,098/- पीडित के खाते में वापस कराया गया। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।